अमर उजाला
महानगर वर्ष 57 । अंक 273 । पृष्ठ : 24+4 । मूल्य : सात रुपये बरेली | रविवार, 19 अक्तूबर 2025 कार्तिक कृष्ण-त्रयोदशी-चतुर्दशी • विक्रम संवत-2

PAGE NO.- X : MIDDLE

# बास्केटबॉल में एसआरएमएस सीईटी प्रथम



समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी देकर किया गया पुरस्कृत। स्रोत : कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

## दो दिवसीय डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 का समापन, विजेता पुरस्कृत

बरेली। राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे दो दिवसीय डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 (जोनल लेवल) का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध बरेली, बदायूं, एटा, फर्रूखाबाद, कासगंज, पीलीभीत, रामपुर, सीतापुर, शाहजहांपुर, मुरादाबाद जिलों के विजेताओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। दूसरे दिन 100 मीटर में प्रथम स्थान पर आदित्य नागर व रिया त्यागी, 200 मीटर में वंश गर्ग एवं सृष्टि, 400 मीटर में सूर्यांश सक्सेना एवं डिंपल रहे।

800 मीटर में सूर्यांश सक्सेना एवं डिंपल, रिले दौड़ बालक वर्ग में एमईटी व बालिका वर्ग में कोठीवाल कॉलेज अव्वल रहा। ऊंची कूद में देवांश मिश्रा और भावना, डिस्क थ्रो में अर्जुन यादव एवं अंकिता सिंह, शॉट पुट में जतिन कुमार एवं डिंपल, जैवलिन में तनिष्क चौधरी व सिमरन मिश्रा ने सफलता अर्जित की।

बैडमिंटन में प्रथम स्थान पर कोठीवाल कॉलेज एवं बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी रहा। बास्केटबॉल में बालक और बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी ने प्रथम स्थान हासिल किया। शतरंज में प्रथम स्थान पर देवांश माहेश्वरी एवं खुशी भाटिया, टेबल टेनिस में एमआईटी मुरादाबाद और बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी, वॉलीबॉल में एमआईटी मुरादाबाद और बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी, खो-खो में एसआरएमएस सीईटी विजेता रहा।

अंतिम दिन संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल व प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। एकेटीयू के पर्यवेक्षक डॉ. करूणेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। प्रो. डॉ. पंकज कुमार शर्मा, प्रो. डॉ. अनिल कुमार, डीन प्रो. डॉ. साकेत अग्रवाल, दुष्यंत माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।